PPMN

बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ

सहयोग आपका प्रयास हमारा

# परिष्कार पत्रिका

प्रगति की ओर

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रींगस, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

**जरूरी सूचना**
यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पाबंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर या डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।
सम्पर्क करें
9314407796

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 2021-23 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए

विशेषांक

E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 21 | अंक 14 | जयपुर : 23 फरवरी 2023 से 7 मार्च 2023 | RNI No : RJHIN/2002/9810 | वार्षिक सदस्यता 251 रूपए

## आरजेएस सरिता कायत और एएसओ प्रवीण डाबी बंधे परिणय-सूत्र बंधन में

**समाज के विकास के लिए स्वयं को ही खड़ा होना होगा**
**पलायलन को रोकने के लिए युवाओं को आगे आना होगा**



परिष्कार पत्रिका जयपुर। समाज के विकास के लिए स्वयं को ही खड़ा होकर समाज में तेजी से बढ़ रहे पलायन को रोकने के लिए युवाओं पहल करनी होगी। यह कहना है दिल्ली मंत्रालय के एएसओ प्रवीण डाबी और सिविल न्याय मजिस्ट्रेट सरीता कायत का।

कानोता निवासी रामचन्द्र डाबी के पुत्र प्रवीण डाबी ने परिष्कार पत्रिका से चर्चा में बताया कि विवाह सम्बंधो को लेकर धानका समाज के शिक्षित युवाओं का तेजी से पलायन बढ़ रहा है जिससे समाज में विकास की रफ्तार बहुत धीमी होती जा रही है। समाज में विकास के लिए शिक्षित और सामाजिक रूझान को रखने वाले युवाओं को पहल करनी होगी। उन्होंने सिविल न्यायाधीश सरिता कायत से विवाह पर बताया कि पढ़ लिख कर समाज में विवाह करने से समाज की प्रतिष्ठा बढ़ने के साथ-साथ स्वंय की भी सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ती है। इस अवसर पर अभीषेक डाबी, अभय डाबी, राजेश गहलोत, हेमलता किरार ने संवैधानिक पद पर बैठे इस युगल को संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर का चित्र भेंट कर मंगलमय वैवाहिक दाम्पत्य जीवन की कामना की। रामचन्द्र डाबी के दामाद केशुपुरा निवासी राजेश गहलोत ने बताया कि सामाजिक दृटिकोण से



यह बेहतर प्रयास है। इस पर सभी युवाओं को गौर करना चाहिए। इस अवसर पर परिष्कार पत्रिका की ओर से हेमलता किरार ने समाज के प्रेरक इस युगल प्रवीण डाबी और सरिता कायत को बेहतर निर्णय बताते हुए मंगलमय शुरूआत के लिए शुभकामनाएं दी।

# बजट घोषणाओं का हो समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन : मुख्यमंत्री

**आमजन तक पहुंचाई जाए योजनाओं की जानकारी**




परिष्कार पत्रिका जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि बजट घोषणाओं का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने कहा कि पिछले चारों बजट की 2722 घोषणाओं में से 95 प्रतिशत से अधिक घोषणाओं की स्वीकृति जारी की जा चुकी है तथा 87 प्रतिशत घोषणाओं की क्रियान्विति पूर्ण एवं प्रगतिरत हैं। राज्य सरकार अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। गहलोत शासन सचिवालय में बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बजट को लेकर आमजन में विद्यमान उत्साह को संतुष्टि में बदलने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर घोषणाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बजट में युवा, किसान, पशुपालक, श्रमिक, विद्यार्थी, बुजुर्ग, महिलाओं सहित सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है।

**बजट क्रियान्वयन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अहम भूमिका :** मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट घोषणाओं के सफल क्रियान्वयन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अहम भूमिका रहती है। जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में राज्य के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि कार्मिकों की प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि पिछली बजट घोषणाओं में से अधिकतर सफलतापूर्वक लागू की जा चुकी हैं। इस बार की घोषणाओं को आमजन तक पहुंचाने पर भी तेजी से कार्य किया जाए। गहलोत ने कहा कि हमने बजट में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को कानून के रूप में लाना प्रस्तावित किया है, जिससे जरूरतमंद व्यक्ति यों एवं परिवारों को पात्रता आधारित सामाजिक सुरक्षा प्राप्त हो सके। बजट में आर्थिक सम्बल प्रदान करने के लिए विभिन्न पॉलिसी एवं एक्ट की भी घोषणा की है। इनमें राजस्थान फार्मर्स डेब्ट रिलीफ एक्ट, राजस्थान लॉजिस्टिक्स सर्विस डिलीवरी कॉर्पोरेशन, गीग वर्कर्स वेलफेयर एक्ट, बॉयो टेक्नॉलोजी पॉलिसी.2023ए महात्मा गांधी मिनिमम गांरटी इनकम योजना, मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यम प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री चिंरजीवी श्रमिक सम्बल योजना आदि शामिल हैं। इन पॉलिसी और कानूनों को लागू करने का कार्य तेजी से पूरा होना चाहिए ताकि जल्द से जल्द इनका लाभ आम जनता को मिल सके। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। बजट में किसानों को प्रतिमाह 2000 यूनिट बिजली निःशुल्क उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य के सीमित जल संसाधनों को देखते हुए ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई को प्रोत्साहन देना आवश्यक है। राज्य सरकार द्वारा विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने तथा फार्म, पौंड, डिग्गी आदि के निर्माण का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि सभी विभाग बजट घोषणाओं को समयबद्ध रूप से लागू करने के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। इसमें ए-श्रेणी में वे योजनाएं हैं, जिनके लिए सिर्फ प्रशासनिक स्वीकृति की आवश्यकता है। वहीं बी-श्रेणी में वे योजनाएं हैं, जिनके लिए कार्मिक एवं वित्त विभाग की सहमति चाहिए। सी-श्रेणी में वे योजनाएं हैं, जिनमें वित्तीय भार होने के कारण वित्त विभाग से स्वीकृति आवश्यक है। इसी वर्गीकरण के आधार पर सभी विभाग अपनी कार्ययोजनाएं तैयार कर रहे हैं तथा घोषणाओं को लागू करने की प्रक्रिया की हर स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा रही है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोडा ने कहा कि सभी विभागों से चर्चा कर बजट घोषणाओं को लागू करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। बजट प्रस्तुत होने के बाद से सभी विभाग तेजी से अपनी कार्ययोजनाएं तैयार करने में जुटे हुए हैं। बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने पिछले बजट की प्रगति के साथ-साथ बजट 2023-24 क्रियान्विति के लिए कार्ययोजना के बारे में अवगत कराया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**राजस्थान आवासन मंडल एक बार फिर हुआ गौरावान्वित**

## आयुक्त पवन अरोड़ा हुए विजनरी लीडर, ग्लोबल सीएसआर एक्सीलेंस एंड लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित



परिष्कार पत्रिका जयपुर। प्रदेश के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और राजस्थान आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा की प्रभावी कार्यशैली को देश भर में सराहा जा रहा है। इसी कड़ी में मुंबई में टाइम्स समूह की वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस ने पवन अरोड़ा को प्रतिष्ठित विजनरी लीडर और प्रतिष्ठित वर्ल्ड सस्टेनेबिलिटी संस्था ने श्ग्लोबल सीएसआर एक्सीलेंस एंड लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया। विधानसभा सत्र होने के कारण अरोड़ा की ओर से अतिरिक्त मुख्य अभियंता अमित अग्रवाल, उप आवासन आयुक्त जेएस बुगालिया और डॉ दिलीप शर्मा ने पुरस्कार ग्रहण किया। आवासन आयुक्त को सोमवार शाम को मण्डल मुख्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मौजूदगी में सचिव अल्पा चौधरी, वित्तीय सलाहकार संजय शर्मा, मुख्य अभियन्ता प्रथम केसी मीणाए मनोज गुप्ता ने दोनों अवार्ड अरोड़ा को भेंटकर उन्हें शुभकामनाएं दी।

**सम्मान का सेहरा कार्मिकों के सिरः** अरोड़ा ने कहा कि सम्मान अकेले अधिकारी का नहीं बल्कि पूरी टीम का होता है। जोश, जुनून और पूरी ईमानदारी के साथ काम करना मेरा शगल रहा है। राज्य सरकार ने जिस विभाग का भी जिम्मा मुझे दिया वहां के अधिकारी-कर्मचारियों ने कंधे से कंधा मिलाकर टीम भावना से काम किया तो नामुमकिन लगने वाला काम भी आसान होता चला गया।

**विश्वास का दूसरा नाम बना आवासन मंडल :** अरोड़ा ने कहा कि विगत 4 वर्ष पूर्व आमजन का विश्वास आवासन मंडल से पूरी तरह उठ गया था, मंडल लगातार घाटे में जा रहा था लेकिन मंडल के अधिकारियों और कार्मिकों की ऊर्जा ने नामुमकिन को भी मुमकिन कर दिखाया। मेरा मानना है कि जरूरत केवल विल पावर और मोटिवेशन की है। कार्मिकों की मेहनत से ही आवासन मंडल अब विश्वास का पर्याय बन चुका है।

गौरतलब है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल भी मंडल की प्रभावी कार्यशैली की कई बार प्रशंसा कर चुके हैं। अरोड़ा के नेतृत्व में आवासन मंडल देशभर के मैनेजमेंट गुरूओं के लिए केस स्टडी बना हुआ है। देश के कई राज्य मंडल के मॉडल को अपनाने की तैयारी कर रहे हैं।

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा की अगुवाई में पिछले चार वर्षों में मण्डल को कुल 12 अवार्ड मिल चुके हैं। इनमें मकान विक्रय में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, स्कॉच अवार्ड-2021, अवार्ड ऑफ एक्सीलेन्सी, नेशनल रियल एस्टेट डवलपमेंट काउंसिल द्वारा सम्मान, नेशनल हाउसिंग अवार्ड, आईबीसी और स्टार ऑफ गवर्नेंस-गोल्ड अवार्ड जैसे प्रतिष्ठित अवार्ड शामिल हैं।

# कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय ने अध्ययनरत विद्यार्थियों से छात्रवृत्ति के ऑफ लाईन आवेदन आमंत्रित किए

**विद्यार्थी 28 फरवरी तक कर सकते हैं आवेदन जमा**

परिष्कार पत्रिका जयपुर। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा ने सत्र 2022-23 के लिए समस्त राजकीय एवं मान्यता प्राप्त अराजकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों से छात्रवृत्ति के लिए ऑफलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए हैं। अध्ययनरत विद्यार्थी 28 फरवरी सांय 5 बजे तक सम्बंधित शिक्षण संस्थान में आवेदन पत्र जमा करा सकते हैं। शिक्षण संस्थान प्रधान 10 मार्च, सांय 5 बजे तक आवेदन पत्र मय सॉफ्ट कॉपी आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर में जमा करवा सकते हैं।

**इन छात्रवृतियों के लिए किए आवेदन आमंत्रितः**

आवश्यकता एवं योग्यता, महिला योग्यता, उर्दू, शोध, मृतक राज्य कर्मचारियों के बच्चों को देय, ललित कला, राजस्थान के पूर्व सैनिकों की प्रतिभावान पुत्रियों को देय, भारत पाक व चीन युद्ध में मृतक/ अपंग सैनिकों के बच्चों/ उनकी विधवाओं को देय, कारगिल कार्यवाही में शहीद सैनिकों के आश्रितों को देय, मिलिट्री देहरादून और स्वतंत्रता सैनानियों के बच्चों को देय श्रेणी में छात्रवृति के लिए आवेदन कर सकते हैं। आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा की मुख्य लेखाधिकारी डॉ ललिता शर्मा ने बताया कि वे नियमित अध्ययनरत विद्यार्थी जो छात्रावास में रहते हैं, छात्रावास में प्रवेश का प्रमाण पत्र, मूल फीस रसीद, निवास करने की तिथि आदि छात्रावास वार्डन तथा संस्था प्रधान से प्रति हस्ताक्षर करवाकर आवेदन पत्र के साथ सलंग्न करनी होगी। छात्रावास के विद्यार्थियों को जनआधार व आधार कार्ड की छाया प्रति भी आवश्यक रूप से संलग्न करनी होगी। उन्होंने बताया कि आवेदक विद्यार्थी तथा शिक्षण संस्था प्रधान इस बात का विशेष ध्यान रखें कि आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर आवश्यक सत्यापित दस्तावेज के साथ आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा जयपुर में व्यक्तिशः जमा हो।

उल्लेखित है कि नवीनीकरण छात्रवृति फॉर्म उन्हीं विद्यार्थियों के अग्रेषित किए जायेंगे, जिनकों गत वर्ष छात्रवृति मिली हो तथा निर्धारित अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

छात्रवृति आवेदन फॉर्म व इन छात्रवृतियों से संबंधित नियम एवं शर्तों की सभी जानकारी विभाग की वेबसाइट के ऑनलाइन स्कॉलरशिप लिंक पर उपलब्ध है।

## जेडीए ने जोन 12 में ग्राम खोरा-बिसल में अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया



परिष्कार पत्रिका जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-12 ग्राम खोरा-बिसल में दीवान नगर-08 विस्तार में सेटबैक्स को कवर कर रोड सीमाओं में बालकानियां निकालते हुए गंभीर प्रकृति के निर्माणाधीन 40 डूप्लेक्सों के अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि जोन-12 के क्षेत्राधिकार अधिकार में अवस्थित ग्राम खोरा-बिसल में खसरा नं 224, 225, 226, 227, 228, 229/700, 230/604, 231/ 232 से 233 करीब 07 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के बिना भू-रूपान्तरण करवाये दिवान नगर-8 विस्तार के नाम से कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के लिए बनाई जा रही ग्रैवल सडकें, बाउण्ड्रीवाल अन्य व निर्माण को प्रारम्भिक स्तर पर ही 30/05/2022 को सामूहिक अभियान का आयोजन कर जेसीबी मशीन की सहायता से पूर्ण रूप से ध्वस्तीकरण किया गया था। इसे जविप्रा की वेबसाईड पर भी अपडेट किया हुआ है। दिनांक 02/02/2023 को प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र दैनिक भास्कर में प्रकाशित खबर पर पुनः मौका निरीक्षण करवाया गया। जोन उपायुक्त के स्तर पर पूर्व में ध्वस्त की गई अवैध कॉलोनी का नियमन होना व उक्त मौके पर बिल्डरों द्वारा व्यावसायिक प्रयोजनार्थ संपूर्ण सेटबेक कवर कर रोड सीमाओं मे करीब 3.3 फीट बालकानियॉ निकालते हुए प्रारंभिक स्तर पर 40 डूप्लेक्सों का निर्माणाधीन होना पाये जाने पर 11/2/2023 को संबंधित बिल्डर्स को धारा 32,33 के 03 नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। आगे अवैध निर्माण नहीं होने देने हेतु मौके पर गार्ड नियुक्त किये गये थे। नोटिस का जवाब प्राप्त हुआ जिनका परीक्षण एनफोर्समेंट शाखा की तकनीकी टीम से करवाया गया। तकनीकी टीम की रिपोर्ट के अनुसार आगे के करीब 05 फीट संपूर्ण सेटबैक तथा रोड सीमाओं में करीब 3 फीट की बालकनिया निकालकर बिल्डिंग बायलॉज का गंभीर उल्लंघन किया गया है। आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी टीम की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीनो, लोखण्डा सिस्टम व मजदूरों की सहायता से उक्त निर्माणाधीन डुप्लेक्सों में आगे के सम्पूर्ण कवर किये गए सेटबैक्स के अवैध निर्माण व रोड सीमाओं में निकाली गई अवैध बालकानियों को ध्वस्त कर हटवाया गया।

उपायुक्त जोन-12 से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी गई है सटीक रिपोर्ट प्राप्त होने पर अपेक्षित विधिसम्मत कार्यवाही पूर्णता से सुनिश्चित की जाएगी। प्रकरण में अग्रिम विधिसम्मत कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-12,06,13, तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफकी निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## प्रदेश के 15 जिलों के 17 शहरों में बनाएगा आवासन मंडल फ्लैट और विजाल




**स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल 1 मार्च को करेंगे विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ**

परिष्कार पत्रिका जयपुर। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल, प्रमुख शासन सचिव कुंजीलाल मीणा और आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा आगामी 1 मार्च को प्रदेश के 15 जिलों के 17 शहरों में लगभग 4300 फ्लैट और विलास के लिए विभिन्न आवासीय योजनाएं लॉन्च करेंगे। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने पिछले दिनों संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं के संबंध में अंतिम तैयारियों की समीक्षा की थी। उन्होंने बताया कि आवासीय योजनाओं से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। योजनाओं से जुड़ी बुकलेट और प्रकाशन सामग्री का कार्य अंतिम दौर में चल रहा है। अरोड़ा ने बताया कि सबसे ज्यादा आवास जयपुर के प्रताप नगर सेक्टर 22, 23, 26 और 28 में कुल 1332 और जोधपुर के बड़ली में 1090 आवास बनाए जाएंगे। इसी तरह चूरु में 10, किशनगड़ के खोड़ा में 175, धौलपुर में 45, बूंदी के लाखेरी में 317, टोंक के निवाई में 77, हनुमानगढ़ में 504, आबूरोड में 189, भिंडर में 22, सलूंबर में 16, भीलवाड़ा के पटेल नगर 38, शाहपुरा में 46, चित्तौड़गड़ के निंबाहेडा में 71, बड़ी सादड़ी में 74, बांसवाड़ा परतापुर में 80, दुर्गापुर में 63 और उदयपुर के हिरण मगरी में 24 एचआईजी, एमआईजी, एलआईजी और ईडब्ल्यूएस श्रेणी के आवासों के लिए योजना लॉन्च की जाएगी। गौरतलब है कि आवासन मंडल पिछले चार वर्षों में आमजन में बीच फिर से विश्वास जमाने में कामयाब रहा है। यही वजह है कि मंडल द्वारा जारी विभिन्न आवसीय और व्यवसायिक परिसंपत्तियों को खरीदने के लिए आमजन उत्सुक हैं और नई योजनाओं में हिस्सेदारी के लिए इंतजार भी कर रहे हैं।

**कैथलीनो आई फाउंडेशन, सीके बिड़ला हॉस्पिटल, दर्शित आई हॉस्पिटल और स्माईल डेंटल क्लिनिक ने किया आयोजन**

# निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन






**केबीनेट मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने किया शुभारंभ**

परिष्कार पत्रिका जयपुर। कैथलीनों आई फाउंडेशन, सीके बिड़ला हास्पिटल, दर्शित आई हास्पीटल और स्माईल डेंटल क्लिनिक के संयुक्त तत्ववधान में धुलेश्वर गार्डन जयपुर में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि केबीनेट मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने दीप प्रज्जवलन के साथ शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी डॉक्टरर्स और आयोजनकर्ताओं को इस पावन कार्य के लिए बहुत शुभकामनाएं दी। निःशुल्क चिकित्सा शिविर के आयोजन से स्थानीय लोगों के साथ-साथ सभी को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने उपस्थित सभी मरीजों को भी जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

कैथलीनों आई फाउंडेशन के फाउंडर अध्यक्ष माईकल कैथलीनों ने बताया कि निःशुल्क चिकित्सा शिविर में सीके बिड़ला हॉस्पीटल के डॉक्टरों ने बीपी, शुगर की जांच की और उपचार के लिए परामर्श दिए। दृष्टि आई हॉस्पीटल के डॉक्टरों ने सभी मरीजों की आंखों की जांच की और आवश्यकता अनुसार शिविर में ही नम्बर के चश्में दिए जिन्हें पाकर आंखों के मरीजों को काफी खुशी मिली। स्माईल डेंटल क्लीनिक ने सभी मरीजों के दांतों की निःशुल्क जांच की और उन्हें सावधानियों के लिए परामर्श दिया। निःशुल्क चिकित्सा शिविर में स्थानीय डिस्पेंसरी के डॉक्टरों ने मरीजों मौसमी बीमारियों का इलाज किया और निःशुल्क दवाईयां वितरित की।





कैथलीनों ने बताया कि इस अवसर पर डॉ सुशीला चौधरी एमओआईसी, कविता एएनएम, स्वाती शर्मा फार्मासिष्ट, सुमन पीएचएम, जगदीश शर्मा एल टी, सीमा, पुरूषोत्तम नर्सिंग, डॉ रोहन ओर्थो, डॉ राहुल कार्डियोलोजिस्ट, डायना कौशिक अध्यक्ष गोआ एसोसिएशन, डॉ गौरांगी लावनिया एण्डोंटिस्ट, डॉ अनुज लावनिया ओर्थोडोंटिस्ट सहित परिष्कार पत्रिका से प्रधान संपादक हेमलता किरार रविसिंह किरार उपस्थित थे। इस अवसर पर पिंकी ग्रोवर, डायना कौशिक, अशोक शर्मा, ब्रिजेश कुमार सहित गणमान्यों ने शिविर की व्यवस्था को व्यवस्थित किया।

**प्रकाशन के लिए अपने संदेश भेजें या मेल करें -**
**संपादक, परिष्कार पत्रिका,**
रजि. कार्यालय : प्लाट नं. 89, संतोषनगर, अजमेर रोड़, जयपुर-6
ब्रांच ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36 भैरव नगर, ईएसआई के पास, हटवाड़ा रोड़, जयपुर-06
मो : 9314407796, 9351311820

**A.S. MEMORIAL Sec. School**
58, Shanti Nagar, N.B.C. Road Jaipur 6
Mob. 9549036888
Day Boarding
English Medium
Ankit Singh
Director



Your Childs Journey to a Great Future begins here :
Experience Teaching Staff, Spoken English Classes, Personality Development, Memory Tips, Study By Porjectors, Sparate Furniture for every Student, On every Saturday there are Activities, Classes of Yoga, Games of Spelling, Meaning and Interaction with all the Student in English Language, Hygienic and Friendly Environment for Students and Personal Attention is given, Big and Airy Classrooms, Conveyance Facility for every Area.

## सम्पादकीय

सभी पाठकों को शुभकामनाएं। अज्ञानता में डर छिपा है जबकि ज्ञान में प्रकाश। ज्ञान प्राप्त करने के लिए हमें पढ़ना होता है या फिर गुरू के सम्पर्क में रहाना होता है। किताबों से हमें ज्ञान मिलने के साथ-साथ हमारी बुद्धि का विकास भी होता है, जिसका इस्तेमाल हम अपने जीवन की समस्याओं से निपटने, उज्ज्वल भविष्य बनाने, अपने अधिकार जानने व उन्हे हांसिल करने के लिए करते है। किताबें हमें और जीवन की समस्याओं को समझने और उनका हल करने का रास्ता दर्शाती है लेकिन असली अनुभव हमारी जिन्दगी आए लोग व हमारे द्वारा बनाऐ रिश्ते हमें कदम-कदम पर सीखाते है। कुछ लोग हमारे जीवन में आई कठिनाइयों के समय रास्ता दिखाते हैं साथ खड़े होते हैं। वक्त पर अपनी वफादारी, त्याग, समर्पण व अपने साधन सम्पत्ति तक को हमारे लिए दांव पर लगा देते है और कुछ लोग वक्त आने पर अपना असली चेहरा छल, धोखा, विश्वासघात व मतलब निकल गया पहचानते नहीं दिखाते हैं, कुछ हमें साकारात्मक का संदेश देकर हमारी सोच को साकारात्मक बनाकर हमें समाज के हित के लिए कार्य करने को उत्साहित करते है तो कुछ हमें केवल नकारत्मक और रास्ते की रूकावट बनना सीखाते है। इसलिए कहा है कि किताबों से सारे सबक नहीं सीखें जाते किताबें हमें ज्ञान व जानकारी देती हैं और जीवन के हालात और हमारे परिचित हमें सबक व अनुभव सीखाते हैं। हम किस कुल में, किस परिवार में, किस योग्यता व किस चरित्र के साथ जन्म ले यह हमारे बस में नहीं होता, इसके लिए हमारी कोई जबावदेही नही है, लेकिन हम कि किस चरित्र के साथ इस दुनिया से विदा होंगे, यह हमारा जीवन निर्धारित करता है। इसलिए अपने ज्ञान को भंडार को हमेशा भरते रहें वह कभी भी पूरा नहीं होगा यह जहन में रखें। पढ़ना, पढ़ना और पढ़ना। अपने ज्ञान को बढ़ाना। ज्ञान बढ़ने से जहां जीवन में उजास होता है वहीं डर दूर हो जाता है। हजारों वर्ष पहले यह संदेश महात्मा बुद्ध ने दिया : हमें इस जीवन में अपनी योग्यता, बुद्धि, ज्ञान, जानकारी का विस्तार करना पूरी तरह हमारी जिम्मेदारी है। हमारे चरित्र को स्वच्छ व अच्छा प्रभावशाली बनाना हमारी जिम्मेदारी है। हमें अपने परिवार की जिम्मेदारी उठाने के साथ-साथ समाज हित के लिए भी कार्य करना हमारी जिम्मेदारी है।। हमें जो कुछ भी इस प्राकृति, वातावरण व समाज से मिला है उसे कुछ ना कुछ बढाकर लौटाना हमारी जिम्मेदारी है। इसलिए हमें जीवन में अपने ज्ञान, बुद्धि, जानकारी, समझ और योग्यताओं का निरंतर विस्तार करते हुए परिवार और समाजहित में कार्य करते रहना चाहिए कि हम जब इस संसार से विदा ले तो हमारी पहचान एक अच्छे चरित्रवान, सामाजिक प्राणी व अच्छे इंसान के रूप में बन चुकी हो।

जय हिन्द। जय भारत।।

### गुरू की महिमा

## सतगुरू मिले तो बंधन छूटे

परिष्कार पत्रिका जयपुर। एक पंडित रोज रानी के पास कथा करता था। कथा के अंत में सबको कहता कि राम कहे तो बंधन टूटे। तभी पिंजरे में बंद तोता बोलता, यूं मत कहो रे पंडित झूठे। पंडित को क्रोध आता है कि ये सब क्या सोचेंगे, रानी क्या सोचेगी। पंडित अपने गुरु के पास गया, गुरु को सब हाल बताया। गुरु तोते के पास गया और पूछा तुम ऐसा क्यों कहते हो। तोते ने कहा : मैं पहले खुले आकाश में उड़ता था। एक बार मैं एक आश्रम में जहां सब साधू-संत राम-राम-राम बोल रहे थे, वहां बैठा तो मैंने भी राम-राम बोलना शुरू कर दिया। एक दिन मैं उसी आश्रम में राम-राम बोल रहा था, तभी एक संत ने मुझे पकड़ कर पिंजरे में बंद कर लिया। फिर मुझे एक-दो श्लोक सिखाये। आश्रम में एक सेठ ने मुझे संत को कुछ पैसे देकर खरीद लिया। अब सेठ ने मुझे चांदी के पिंजरे में रखा, मेरा बंधन बढ़ता गया। निकलने की कोई संभावना न रही। एक दिन उस सेठ ने राजा से अपना काम निकलवाने के लिए मुझे राजा को गिफ्ट कर दिया। राजा ने खुशी-खुशी मुझे ले लिया, क्योंकि मैं राम-राम बोलता था। रानी धार्मिक प्रवृत्ति की थी तो राजा ने रानी को दे दिया। अब मैं कैसे कहूं कि राम-राम कहे तो बंधन छूटे। तोते ने गुरु से कहा : आप ही कोई युक्ति बताएं, जिससे मेरा बंधन छूट जाए। गुरु बोले : आज तुम चुपचाप सो जाओ, हिलना भी नहीं। रानी समझेगी मर गया और छो देगी। ऐसा ही हुआ। दूसरे दिन कथा के बाद जब तोता नहीं बोला, तब संत ने आराम की सांस ली। रानी ने सोचा तोता तो गुमसुम पड़ा है, शायद मर गया। रानी ने पिंजरा खोल दियाए तभी तोता पिंजरे से निकलकर आकाश में उडंते हुए बोलने लगा सतगुरु मिले तो बंधन छूटे। अतः शास्त्र कितना भी पढ़ लो, कितना भी जाप कर लो, लेकिन सच्चे गुरु के बिना बंधन नहीं छूटता।

## राजस्व मंत्री ने किया 80 दिव्यांगजनों को स्कूटी वितरण

## हर व्यक्ति को समान अवसर व संसाधन उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता : राजस्व मंत्री

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने भीलवाड़ा जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मांडल में विजन इंडिया वेलफेयर सोसाइटी के माध्यम से आयोजित स्कूटी वितरण समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री ने विजन इंडिया सोसाइटी की ओर से मांडल विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों के 80 दिव्यांगजनों को इलेक्ट्रिक स्कूटी का वितरण किया। राजस्व मंत्री ने कहा कि स्कूटी के माध्यम से दिव्यांगजनों को आने जाने में सहूलियत रहेगी और वे सशक्त बनेंगे। समाज के हर व्यक्ति को समान अवसर व संसाधन उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की सदैव पहली प्राथमिकता रही हैं। राजस्व मंत्री ने इस दौरान राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया की मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत बड़ी सौगात देते हुए मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में प्रति परिवार बीमा राशि 10 लाख से बढ़ाकर 25 लाख करने की घोषणा की है। साथ ही दुर्घटना बीमा राशि 5 लाख रूपये से बढ़ाकर 10 लाख करने तथा प्रदेश के सभी ईडब्ल्यूएस परिवारों को मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना का निःशुल्क लाभ देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ये घोषणाएं सर्वहितकारी हैं। जाट ने बताया की मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना में 100 यूनिट प्रतिमाह तक बिजली का उपभोग करने वाले उपभोक्ताओं को निःशुल्क बिजली मिलेगी। साथ ही उन्होंने ग्रामीण व शहरी ओलंपिक खेलों की जानकारी भी दी। इस अवसर पर जाट ने कहा कि राज्य सरकार की




कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से कोई वंचित नहीं रहे, इसलिए आमजन योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाए। इस दौरान मांडल प्रधान शंकर लाल कुमावत मांडल सरपंच संजय भड़िया, उपखंड अधिकारी हुक्मीचंद रोहलानिया, नारायण लाल जीनगर, बीडीओ संदेश पाराशर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रिंसिपल विनीत शर्मा सहित जनप्रतिनिधि विकास सुवालका, जगदीश चौधरी, संजय तिवाड़ी, उमाशंकर बैरवा एवं अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

## राजस्व अधिकारी नगरीय विकास कर के लक्ष्यों की प्राप्ति में तेजी जाएं : महापौर



परिष्कारपत्रिका जयपुर। नगर निगम जयपुर हैरिटेज की महापौर मुनेश गुर्जर ने निगम की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए राजस्व अधिकारियों को नगरीय विकास कर के लक्ष्य की प्राप्ति में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। महापौर राजस्व प्राप्ति की प्रगति की समीक्षा के लिए गुरुवार को आयोजित बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2022-23 में नगरीय विकास कर की प्राप्ति के लक्ष्य के मुकाबले अब तक हासिल राजस्व पर असंतोष व्यक्त किया। महापौर ने सख्त रुख अपनाते हुए वित्तीय वर्ष की बकाया समयावधि में शत.प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लक्ष्य हासिल करने में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। महापौर ने 149 बड़े डिफाल्टर्स के विरूद्ध बकाया 67 करोड़ रुपये से अधिक नगरीय कर की जल्द वसूली करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे फील्ड में जायें और निगम एवं जनहित में कर की अदायगी के लिए लोगों के साथ समझाइश करें, साथ ही हर सप्ताह कैंप लगायें। बैठक में गुर्जर को अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने दो बड़ी संपत्तियां चिन्हित की हैं जिनकी नीलामी से निगम को लगभग 50 करोड़ रुपये का अनुमानित राजस्व मिल सकता है। इस पर श्रीमती गुर्जर ने निर्देश दिये कि वे इनके नीलामी प्रस्ताव निगम मुख्यालय में भिजवायें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि चारों जोन मिल कर एक करोड़ रूपये प्रतिदिन की वसूली का लक्ष्य हासिल करें। बैठक में उपायुक्त राजस्व सरोज ढाका, राजस्व अधिकारी गजेन्द्र छाबड़ा, टीना शर्मा, सलीम, चैतन जैन सहित राजस्व निरीक्षक भी उपस्थित थे।

## भारतीय ज्ञान परंपरा में शिक्षा को बढ़ावा देने में शिक्षक की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन



परिष्कार पत्रिका लाडनूं। जैन विश्वभारती संस्थान के शिक्षा विभाग में आयोजित भारतीय ज्ञान परंपरा में शिक्षा को बढ़ावा देने में शिक्षक की भूमिका विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के दूसरे दिवस मुख्य वक्ता के रूप में विश्वविद्यालय के विशेषाधिकारी प्रो नलिन के शास्त्री ने कहा है कि भारत में गुरू का स्थान त्रिदेव से ऊपर दिया गया है और परमब्रहम मान कर अर्चना की गई है। उन्होंने गुरू के महत्व को बताते हुए चाणक्य व चन्द्रगुप्त मौर्य, रामकृष्ण परमहंस व नरेन्द्र विवेकानन्द के उदाहरण प्रस्तुत किए। उन्होंने ऋग्वेद के 10वें सूक्त का मंत्र उल्लेखित करते हुए आंगिरस के विद्या सम्बंधी विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारत में सैद्धांतिक ज्ञान के साथ क्रियात्मक ज्ञान की शिक्षा देने की परम्परा रही है। वेदों में आचार्य को वाचस्पतिए वसुपति, भूपत, ज्ञान निधि, मनुर्भव, वाक्त त्वविद, दूरदर्शी, प्रसन्नचित आदि गुणों से सम्पन्न होना आवश्यक माना है। उन्होंने शिक्षक के गुण बताते हुए कहा कि शिक्षक छात्र में स्वंय को देखते हैं और परिवर्तन के पहरूआ होते हैं। शिक्षक अपने दृष्टिकोण से लचीला होता है, सामाजिक परिवेश के साथ समन्वय करते हैं। शिक्षक अच्छा परामर्शदाता होता है। शिक्षक मूल्यों का संचरण करता है, ताकि मूल्यनिष्ठ समाज का निर्माण हो सके। शिक्षक भविष्य का संरक्षक होता है, अज्ञान के अंधेरे को दूर करता है, आत्मविश्वास से लबरेज होता है, प्रोत्साहक होता है और छात्रों को कठोर अनुशासन के साथ उद्यम के लिए प्रेरित करता है। सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो बीएल जैन ने शिक्षा के स्वरूप को राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली के अनुरूप बनाने पर जोर दिया तथा कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा में शिक्षा, शिक्षक, विद्यार्थी सभी को बेहतरीन नजरिए से देखा गया है। कार्यक्रम के अंत में सेमिनार प्रभारी डा सरोज राय ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डा आभा सिंह, प्रमोद ओला, अभिषेक शर्मा आदि सभी संकाय सदस्य एवं छात्राध्यापिकाओं के अलावा देश भर के अनेक विद्वान भी सम्मिलित हुए।

## व्यावसायिक कौशल विकास के लिए अल्पकालिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश जारी

परिष्कार पत्रिका लाडनूं। जैन विश्वभारती संस्थान द्वारा लघु कौशल विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत पुरूषों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न अल्पकालिक व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रमाणपत्र कोर्स में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 28 फरवरी कर दी गई है। विश्वविद्यालय में विभिन्न कोर्स प्रारमभ किए जा चुके हैं। नए बैच के लिए प्रवेश प्रक्रिया की जा रही है।

प्रभारी शैक्षणिक अधिकारी विजय कुमार शर्मा ने बताया कि इन अल्पावधि के सर्टिफिकेट कोर्सेज में बेसिक ट्रेनिंग ब्यूटी कल्चर प्रोग्राम में हेयर स्टाईल, नैल आर्ट, पेडिक्योर, मेनिक्योर और मेकअप का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह कोर्स केवल महिलाओं के लिए 30 दिवसीय अवधि का रखा गया है। इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स एक माह का है, जिसमें महिला-पुरूषों सभी के लिए प्रवेश जारी रहेगा। टैली एंड एकाउंटिंग कोर्स भी 30 दिवसीय है। शर्मा ने बताया कि इनके अलावा कोरल ड्रा एंड फोटो शोप का कोर्स 20 दिनों की अवधि का है। इन सभी कोर्स में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता सीनियर सैकेंडरी रहेगी। सभी अल्पकालीक कोर्सेज के लिए आवेदन पत्रों एवं प्रवेश के लिए संस्थान के प्रभारी शैक्षणिक अधिकारी विजय कुमार शर्मा से सम्पर्क किया जा सकता है।

## परिणय उत्सव आयोजन में किया 5 जोड़ों का सरल विवाह



परिष्कार पत्रिका अजमेर। भारत विकास परिषद अरावली अजमेर द्वारा सरल विवाह प्रकल्प के अंतर्गत आज 5 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम फाई सागर रोड स्थित हनी गार्डन समारोह स्थल में किया गया। इस अवसर पर सांसद भागीरथ चौधरी, विधायक वासुदेव देवनानी, विधायक अनीता भदेल, महापौर ब्रजलता हाडा, उप महापौर नीरज जैन ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर वर वधू को आशीर्वाद व शुभकामनाएं भेंट की। शाखा संरक्षक संदीप गोयल ने बताया कि शाखा द्वारा यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष किया जाता है विगत 3 वर्षों से यह कार्यक्रम निरंतर रूप से किया जा रहा है जिसके अंतर्गत हर वर्ष 5 जोड़ों का विवाह किया जाता है जहां समाज के प्रत्येक वर्ग के जुड़े इस सरल विवाह में अपना पंजीयन कर आते हैं और हिंदू रीति रिवाज से शाखा द्वारा विवाह संपन्न किया जाता है। अध्यक्ष रौनक सोगानी ने बताया कि कार्यक्रम में प्रातः 10:00 फाई सागर रोड स्थित पद्मावती माता मंदिर से बारात निकाली गई जहां मार्ग पर पुष्प वर्षा के साथ क्षेत्रवासियों द्वारा बारात का स्वागत किया गया। सचिव रितेश गर्ग ने बताया कि विवाह में हुए जोड़ों को लगभग 70 घर गृहस्ती की सामग्री भेंट की गई जिसका सहयोग शाखा के सदस्यों और समाज के लोगों द्वारा दिया जाता है साथ आगंतुकों को तुलसी पौदे का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मनीष अग्रवाल, मनोज सैन, अनुज गर्ग, लोकेश बंसल, मोहित बंसल, पुनीत बंसल, सुमित टाक, संजय अग्रवाल, स्वप्निल सिंह राठौड़, योगेश खंडेलवाल, गजानन चंदेल, संजय मकवाना, कमल जैन, दिव्य दर्शन जैन, गौरव अग्रवाल, अविनाश अग्रवाल, अंकित जैन, रवि सोनी, आलोक माहेश्वरी आदि लोगों का सहयोग रहा।

## भारतीय मसीह समाज की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न



परिष्कार पत्रिका जयपुर। भारतीय मसीह समाज की कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक में संगठन की एकजटता और प्रचार प्रसार पर महत्पूर्ण निर्णय लिए गए।

संस्थापक आचार्य विकास मसीह और डॉ दिप्ती भटनागर ने मसीह समाज को संगठित करने और उसके प्रचार प्रसार पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि मसीह समाज कोई सामाजिक और राजनैतिक आंदोलन नहीं परन्तु ईश्वर केन्द्रित समाज है। जिसका लक्ष्य परमेश्वर के महान प्रेम को बांटना और एक श्रेष्ठ समाज की स्थापना करना है। उन्होंने बताया कि इस मंच के माध्यम से हम भारत के उत्थान में निर्माण में सहयोग करते हुए युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार में मार्गदर्शन करेंगे, पारिवारिक मूल्यों को बढ़ावा देंगे, संवैधानिक एवं मानवाधिकार मूल्यों की रक्षा करते हुए मसीह समाज की एकता एवं अखण्डता को बनाए रखेंगे। उन्होंने बताया कि इस महान कार्य में देवेन्द्र शर्मा, राजीव मलहोत्र, थॉमसन, प्रतीक विमल, जॉन रोबिनसन, विलियम मैसी, नीरज भटनागर, ओम प्रकाश गर्ग, विशाल जॉर्ज, पंकश शर्मा सहित अनैक गणमान्य इसमें अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है। प्रदेश महासचिव जॉन रोबिनसन ने बताया कि मसीह समाज तेजी से आगे बढ़ते हुए सभी अपने उद्देश्यों में कायमयाब हो रहा है। उन्होंने बताया कि हमें भारतीय संस्कृति पर गर्व है। समाज में न्याय एवं भाईचारे की एकता बनाए रखने का हमें गौरव प्राप्त है। इस महान सेवा को संजोये रखना हमारा कर्त्तव्य है। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों ने अपने विचार प्रकट करते हुए संगठन की एकता और अखण्डता पर जोर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना से की गई। कार्यक्रम में अंत प्रदेश अध्यक्ष प्रतीक विमल ने सभी का आभार प्रकट किया और शुभकामनाएं दी। विलियम मैसी ने मंच संचालन और मीडिया प्रबंध की व्यवस्था को संभाला।

## 5000 नए डेयरी बूथ खोले की बजट घोषणा का समयबद्ध हो क्रियान्वयन

## गोपालन विभाग ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बेरोजगार युवाओं के लिए डेयरी क्षेत्र में रोजगार के अवसर होंगे सृजित

परिष्कार पत्रिका जयपुर। गोपालन विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा 5000 नए डेयरी बूथ खोले जाने के सम्बन्ध में की गई बजट घोषणा के लिए कार्ययोजना बनाकर सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि नए डेयरी बूथ खोलने से प्रदेश में दुग्ध उत्पादों की आपूर्ति में वृद्धि के साथ बेरोजगार युवाओं को रोजगार के संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे। शासन सचिव सचिवालय स्थित खाद्य भवन में मुख्यमंत्री द्वारा डेयरी के क्षेत्र में की गयी बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन हेतु समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राज्य सरकार दुग्ध उत्पादक संघों के हितों के लिए संवेदनशील है। कृष्ण कुनाल ने कहा कि प्रदेश में 5000 नए डेयरी बूथ खोले जाने की घोषणा से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादों की समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति के साथ दुग्ध संकलन में राज्य अपना कीर्तिमान स्थापित कर पायेगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बूथ आवंटन में आरसीडीएफ एवं दुग्ध संघों को आ रही समस्याओं का शीघ्र एवं समुचित निस्तारण कर डेयरी बूथ स्थापित किये जाएं। बैठक में राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड की प्रशासक एवं प्रबंध संचालक सुषमा अरोड़ा ने कार्ययोजना की विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर गोपालन



विभाग के वरिष्ठ उप शासन सचिव मधुसूदन दाधीच ने गत वर्ष की डेयरी बूथ खोले जाने की बजट घोषणा के सम्बन्ध में प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि आवंटित डेयरी बूथों में सामान्य आवेदक, महिला एवं महिला स्वयं सहायता समूह शामिल है। महाप्रबंधक विपणन जयदेव सिंह ने डेयरी बूथों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विपणन की विस्तार से कार्ययोजना प्रस्तुत की। इस मौके पर निदेशक नगर निकाय हृदयेश कुमार शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की बैठक

## भ्रूण प्रत्यारोपण तकनीक में पशुपालकों की समस्याओं का शीघ्र होगा समाधान

परिष्कार पत्रिका जयपुर। त्वरित नस्ल सुधार कार्यक्रम के तहत गौवंश में भ्रूण प्रत्यारोपण तकनीक के अंतर्गत पशुपालकों एवं दुग्ध उत्पादक संघों को आ रही समस्याओं के निदान के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की बैठक का आयोजन बुधवार को गोपालन विभाग में किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए गोपालन विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ लाल सिंह ने कहा कि भ्रूण प्रत्यारोपण तकनीक के माध्यम से राज्य में उच्च नस्लीय गौवंश जैसे गिर, साहीवाल, मुर्रा आदि विकसित होने के साथ पशुपालकों को आर्थिक एवं सामाजिक सम्बल मिल सकेगा। इस मौके पर डॉ सिंह ने योजना की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करते हुए मौजूद दुग्ध उत्पादक संघों के प्रतिनिधियों के साथ वार्तालाप की। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत प्रति गर्भ धारण पर 21 हजार रूपए कार्यकारी संस्था को भुगतान करने होते हैं। जिसमे 5 हजार रूपए केंद्र सरकार द्वारा अनुदान देय है, तथा 16 हजार रूपए पशुपालक द्वारा दिए जाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि राज्य के ज्यादातर पशुपालकों के लिए उक्त राशि अधिक है जिसकी वजह से डेयरी संघों के माध्यम से राशि का आहरण किया जा रहा है। इसी क्रम में जयपुर डेयरी द्वारा 14 हजार रुपए की राशि का अनुदान दिया जा रहा है जिसके तहत पशुपालक को सिर्फ 2000 रूपए की राशि ही देनी होती है। साथ ही यदि पशुपालक/गौशाला उक्त राशि भुगतान करने में असमर्थ हो तो सनराइज संस्था द्वारा उक्त राशि का भुगतान किया जायेगा। इस दौरान राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के



प्रतिनिधि डॉ एस पी सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से योजना के प्रभावी संचालन के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया। उन्होंने पशुपालकों से अपील करते हुए कहा कि भ्रूण प्रत्यारोपण तकनीक के लिए गोवंश का चयन अत्यधिक सावधानी पूर्वक करना चाहिए साथ ही प्राप्तकर्ता मादा गौवंश पूर्णतया स्वस्थ स्थिति में होनी चाहिए। योजना प्रभारी डॉ कौशल कुमार वर्मा ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि गौवंश में उच्च नस्ल संवर्धन एवं दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के उद्देश्य से राज्य में भ्रूण प्रत्यारोपण तकनीक का संचालन किया जा रहा है। बैठक में वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों सहित राज्य के विभिन्न जिलों से दुग्ध उत्पादक संघों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।


## परिष्कार मैरिज ब्यूरो

### वधु चाहिए

आवश्यकता है 27 वर्षीय एमए पास प्राइवेट बैंक में कार्यरत लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः खटक, डाबला, कायथ। पो.बा. नं. 407, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीए एलएल बी पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः अटकाण, पचेरवाल, गहलोत। पो.बा. नं. 406, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय 12वीं पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः किरार, मोरवाल, डाबला। पो.बा. नं. 395, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीकॉम पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः निर्वाण, मौर्या, कायथ। पो.बा. नं. 404, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 30 वर्षीय स्नातक पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः सीलण, खर्रा, बमणिया। पो.बा. नं. 402, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय एमए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः डाबला, किराड़, निर्वाण। पो.बा.509, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 24 वर्षीय बीए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः फरण्ड, कायथ, निर्वाण। पो.बा. 507, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 30 वर्षीय ग्रेजुएट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः खर्रा, निर्वाण, सोलंकी। पो.बा.506, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 30 वर्षीय 10वीं पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः निर्वाण, मावर, चौरा। पो.बा. 504, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है बीए, एलएलबी मांगलिक लड़के जन्म 1989 के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः लौंगवर्षा, कठेरिया। पो.बा. 396, सम्पर्क करें 9598170777, 8177050282, 9314407796

------------

### वर चाहिए

आवश्यकता है 27 वर्षीय, बीए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः इन्दौरा, कटारिया, लुगरिया। पो.बॉ. 405, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 27 वर्षीय, बीएससी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः कायथ, कटारिया, इन्दौरिया। पो.बॉ. बी-24 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 24 वर्षीय, बीए, एम ए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः किराड़, इन्दौरा, दैराण। पो.बॉ. 373, सम्पर्क करें 9314407796 ------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए, लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः मावर, डाबला, गहलोत। पो.बॉ. 376, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 28 वर्षीय, बीए, एम ए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः किरार, कायथ, तुर्किया पो.बॉ. 356, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एमकॉमपास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः खनगवाल, मोरवाल, तुर्किया, इन्दौरा। पो.बॉ. 510, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 21 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः इन्दौरा, कटारिया, लुगरिया। पो.बॉ. 508, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः लुगरिया, मावर, डाबला, अटकाण। पो.बॉ. 398 , सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 32 वर्षीय, बीए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः किरार, डाबला, सीलन पो.बॉ. बी-1 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 23 वर्षीय, बीएससी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः निर्वाण, बावलिया, खर्रा पो.बॉ. बी-2 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

## भारत स्काउट व गाइड का राज्य पुरस्कार समारोह आयोजित

# समाज सेवा से जुड़े कार्यों में अपनी भूमिका का विस्तार करें स्काउट-गाइड संगठन : राज्यपाल




परिष्कार पत्रिका जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि स्काउट-गाइड संगठन समाज सेवा से जुड़े कार्यों में अपनी भूमिका का विस्तार करे और स्वच्छता आंदोलन, शैक्षिक जागरूकता, ग्रामीण क्षेत्रों में कुरीतियों के निवारण एवं रूढ़ियों के उन्मूलन में सक्रिय भूमिका निभाए। राज्यपाल मिश्र राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड संस्था के जगतपुरा स्थित राज्य प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने आह्वान किया कि यह संगठन स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का प्रसार करते हुए स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत के लिए कार्य करे। राज्यपाल ने कहा कि स्काउट गाइड सिर्फ संगठन नहीं बल्कि वह विचार है जिससे विद्यार्थियों में स्वयंसेवक के रूप में कार्य करने की भावना का प्रसार होता है। उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड से युवा पीढ़ी को जो संस्कार मिलते हैं, उनसे व्यक्ति जीवन में निरंतर आगे की ओर बढ़ता है।

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि अगर नई पीढ़ी को बचपन से ही अच्छे संस्कारों की शिक्षा मिलती है तो उससे विद्यार्थीयों का ही सर्वांगीण विकास नहीं होता बल्कि इससे राष्ट्र और समाज भी सुदृढ़ होता है। उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड संगठन इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों को वह प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है, जिससे वे कठिन परिस्थितियों का मुकाबला करने के लिए तैयार होते हैं। राज्यपाल ने गत दस वर्ष से लगातार राष्ट्रीय स्तर की चीफ नेशनल कमिश्नर शील्ड प्रदेश को मिलने पर राजस्थान राज्य संगठन की सराहना की। उन्होंने प्रदेश में स्काउट.गाइड की संख्या 13 लाख होने और राष्ट्रीय स्तर पर 9 अवार्ड मिलने के लिए भी राजस्थान राज्य संगठन को बधाई दी। उन्होंने राज्य के 16 हजार 600 विद्यालयों में इको क्लब के माध्यम से वृक्षारोपण, सिंगल यूज प्लास्टिक उन्मूलन, खुले में शौच मुक्त जनजागृति अभियान, स्वच्छता अभियान संचालित किए जाने पर भी प्रसन्नता व्यक्त की। राज्यपाल ने कार्यक्रम में जम्बूरी आयोजन में उल्लेखनीय सहयोग के लिए प्रशासनिक अधिकारियों एवं अन्य सहयोगियों को धन्यवाद बैज और मेडल ऑफ मेरिट प्रदान किए। उन्होंने कोविड काल में एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों में उल्लेखनीय कार्य के लिए विभिन्न मण्डल के स्काउट गाइड एवं रोवर रेंजर्स को सम्मानित किया। शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला ने कहा कि स्काउटिंग विद्यार्थियों को सेवा और परोपकार को परम धर्म मानकर जीवन में आगे बढ़ने की सीख देता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग प्रदेश के शैक्षिक विकास के लिए सतत कार्य कर रहा है, इसी क्रम में कोविड दौर में नियमित स्कूल नहीं जा सके तीसरी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए ब्रिज कोर्स तैयार करवाया गया है। राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस श्री गोपाल कृष्ण व्यास ने कहा कि युवाओं में अनुशासन एवं परिश्रम की भावना का विकास करने में स्काउट गाइड संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका है। स्टेट चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य ने कहा कि राजस्थान में राष्ट्रीय जम्बूरी का अभूतपूर्व और भव्य आयोजन हुआ, जिसकी सराहना पूरे देश में हुई है। उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड से जुड़ने पर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सम्पूर्ण विकास होता है, इसलिए अधिकाधिक विद्यालयों में स्काउट गाइड गतिविधियां संचालित की जानी चाहिए। कार्यक्रम के आरम्भ में राज्यपाल ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना और मूल कर्तव्यों का वाचन किया। इसके बाद स्काउट-गाइड ने मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी और जम्बूरी गीत तथा बैण्ड वादन प्रस्तुत किया। समारोह में भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक राजेश मिश्रा सहित राज्य सरकार के अधिकारीगण, स्काउट-गाइड संस्था के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

## स्कूलों को अब बनाना होगा विशेष योग्यजन बच्चों के अनुकूल

# हर स्कूल की हो रही है जांच उदयपुर से शुरू हुआ विशेष अभियान

परिष्कार पत्रिका जयपुर। विशेष योग्यजन राज्यआयुक्त उमाशंकर शर्मा ने विशेष योग्यजन विद्यार्थियों के कानूनी अधिकारों और योजनाओं की पालना की जांच के लिए स्कूलों के निरीक्षण का विशेष अभियान आरंभ किया किया है। शर्मा के नेतृत्व में अभियान की शुरुआत मंगलवार को उदयपुर से हुई। शर्मा ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा बाल अधिकारिता विभाग की संयुक्त टीम द्वारा उदयपुर शहर के 3 स्कूलों के निरीक्षण के साथ इसकी शुरुआत हुई। सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों के भवनों एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान देखा जा रहा है कि विशेष योग्यजन बच्चों के लिए स्कूलों के भवन एवं व्यवस्थाएं कितने अनुकूल हैं। इसके तहत स्कूलों के कक्षा कक्ष, परिसर, शौचालय, कैफेटेरिया, बैठने की व्यवस्थाए प्रवेश द्वार, लिफ्ट, पेयजल, आपातकाल निकासी एवं रैंप की व्यवस्था सहित 75 पैरामीटर की गहनता से जांच की जा रही है। विद्यालयों में विशेष योग्यजन बच्चों को मिलने वाली सभी आवश्यक सुविधाओं की जांच की जा रही है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन को विशेष योग्यजन बच्चों का पूरा ख्याल रखने के निर्देश जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत विद्यालयों में विशेष योग्यजन बच्चों के प्रवेश की भी जांच की जा रही है एवं विद्यालयों को इस अधिनियम के तहत नियमानुसार विशेष योग्यजन बच्चों को प्रवेश देने हेतु पाबंद किया जा रहा है।

**विशेष योग्यजन बच्चों के अनुकूल हों सभी विद्यालयः शर्मा**

शर्मा ने बताया कि उदयपुर में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा भी सभी विद्यालयों की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। आदेश के अनुसार जिले के सभी पीईईओ को अपने अधीनस्थ विद्यालयों का निरीक्षण करना है। जो विद्यालय विशेष योग्यजन बच्चों के अनुकूल नहीं पाया जाएगा उस पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य राज्य के समस्त विद्यालयों को विशेष योग्यजन बच्चों के अनुकूल बनाना है जिससे कि वे भी आसानी से शिक्षा ग्रहण कर सक्षम नागरिक बन सकें।

**पहली बार शुरू हुआ इस तरह का अभियान :**

विशेष योग्यजन आयुक्त ने बताया कि प्रदेश में पहली बार इस तरह का अभियान शुरू किया गया है जिसके तहत हर विद्यालय को विशेष योग्यजन बच्चों के अनुकूल बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने ली समीक्षा बैठक

# महिला बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति से कराया अवगत




परिष्कार पत्रिका जयपुर। महिला बाल एवं बाल विकास, बाल अधिकारिता मंत्री ममता भूपेश की केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी के साथ जयपुर स्थित राजस्थान शासन सचिवालय से वी सी द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक में राज्य के महिला एवं बाल विकास विभाग तथा बाल अधिकारिता से सम्बंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर समीक्षा की गई। केंद्रीय मंत्री ने वीसी के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में राजस्थान महिला एवं बाल विकास तथा बाल अधिकारिता विभाग के विभिन्न कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। इसके साथ ही राजस्थान की ओर से नए कार्यों के प्रस्ताव दिए जाने पर त्वरित प्रभाव से विचार कर स्वीकृति दिए जाने का आश्वासन दिया।

राज्य के बजट में 8 हजार नई आंगनबाडी केंद्रों तथा 2 हजार नई मिनी आँगनबाड़ी केंद्रों की घोषणा के क्रियान्वयन हेतु राज्य की महिला एवं बाल विकास तथा बाल अधिकारिता मंत्री ममता भूपेश ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से इस हेतु केंद्रीय अंशदान के लिए आग्रह किया। जिस पर उन्होंने ढांचागत विकास के अतिरिक्त पोषण और अन्य व्यय के लिए अंशदान देने पर सहमति जताई है। समीक्षा बैठक में अन्य बिंदुओं के तहत केंद्रीय मंत्री ने देशभर में 40 हजार सक्षम आंगनबाडी बनाने के तहत राज्य में 215 सक्षम आंगनबाडी बनाने की योजना बताई जिस पर प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि जहां देशभर में 40 हजार सक्षम आंगनबाडी की योजनाओं है वहां राजस्थान के लिए मात्र 215 सक्षम आंगनबाडी की स्वीकृति बहुत कम है। इस केंद्र की ओर से कहा गया कि यह प्रथम चरण है अगले चरण में आपके प्रस्ताव अनुसार अधिक सक्षम आंगनबाडी हेतु स्वीकृति दी जाएगी। इसके साथ ही केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग ने राजस्थान जीएमडी उपकारणों, स्मार्टफोन के लिए बजट उपलब्ध करवाने पर सहमति जताई।

बैठक में निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं तथा आयुक्त महिला अधिकारिता रामावतार मीणा, अतिरिक्त निदेशक महिला अधिकारिता आभा जैन, अतिरिक्त निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं लोकेश सहल तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# 1 जुलाई 2022 से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक पर ग्रेटर की सख्त कार्यवाही

**ग्रेटर के सात जोनों में निरीक्षण के लिए गठित की गई टास्क फोर्स**

परिष्कार पत्रिका जयपुर। नगर निगम ग्रेटर द्वारा 01 जुलाई 2022 से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाले दोषियों के विरूद्ध ग्रेटर क्षेत्र के सात जोनों में गठित टास्क फोर्स द्वारा निरीक्षण कर अब तक कुल 1 हजार से भी अधिक चालान काटे गये हैं। तथा 450 किलों से भी अधिक प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक को जब्त किया गया हैं। तथा 6 लाख 50 हजार रूपये से भी अधिक जुर्माना राशि वसूल की गई।

नगर निगम ग्रेटर आयुक्त महेन्द्र सोनी ने बताया की भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्रालय द्वारा 01 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक की वस्तुओं के विनिर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग को निषेध किया गया है। जिसकी अनुपालना में नगर निगम ग्रेटर जयपुर द्वारा 7 जोनों में टास्क फोर्स का गठन किया गया हैं। जिसके अन्तर्गत जोन उपायुक्त राजस्व अधिकारी, मुख्य सफाई निरीक्षक, वार्ड सफाई निरीक्षक, कांस्टेबल की टीम गठित की गई हैं। जिनके द्वारा दिन प्रतिदिन सब्जी मण्डीए फल मण्डी, रेस्टोरेंट, होटल इत्यादि स्थानों पर निरीक्षण किये जाते हैं। अब तक नगर निगम ग्रेटर की टीमों द्वारा 1 हजार से भी अधिक निरीक्षण किये गये हैं। तथा गठित टीमों द्वारा 1 हजार से भी अधिक चालान कर दोषियों से 6 लाख 50 हजार रूपयें जुर्माना राशि वसूल की हैं। उन्होंने बताया की प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के संबंध में मैरिज गार्डन संचालकों, व्यापारिक मण्डल, स्कूल संचालक, स्ट्रीट वेण्डर, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा संचालकों व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ जन जागरूकता के लिए कार्यशालाएं भी आयोजित की गई। जिसमें प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की समझाईश की गई। गौरतलब हैं कि भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्रालय द्वारा 01 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक की वस्तुओं के विनिर्माणए आयातए भण्डारणए वितरणए बिक्री और उपयोग को निषेध किया गया है। जिसमें प्लास्टिक युक्त ईयर बडस, गुब्बारों के लिये प्लास्टिक की डंडियाँ, प्लास्टिक के झण्डे, कैन्डी स्टीक, आईसक्रीम की डंडियाँ, पॉलीस्टाइरीन की सजावटी सामग्री, मिठाई के डिब्बों के इर्द-गिर्द लपेटने अथवा पैक करने वाली फिल्मेंए 100 माईक्रोन से कम मौटाई वाले पीवीसी बैनर सम्मिलित हैं।

## कभी ना कहो कि दिन खराब है.....

परिष्कार पत्रिका जयपुर।

कभी ना कहो कि दिन अपने खराब है,
समझ लो की हम काँटों से घिर गए गुलाब है।
रखो हौसला वो मंज़र भी आयेगा,
प्यासे के पास चलकर समंदर भी आयेगा।
थक कर ना बैठों ऐ मंजिल के मुसाफिर,
मंजिल भी मिलेगी,
और जीने का मजा भी आयेगा ।।

विजय सिंह किरार

# सुप्रसिद्ध कवि विचारक डॉ संजीव कुमार के खंड काव्य अश्मा का लोकार्पण



**आस्था में तर्क की गुंजाइश नहीं : नन्द भारद्वाज**
**आस्था के साथ समयानुसार परिवर्तन स्वीकारा जाए : डॉ संजीव कुमार**

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राही सहयोग संस्थान और डॉ राधाकृष्णन राज्य पुस्तकालय के संयुक्त तत्वावधान में प्रख्यात कवि डॉ संजीव कुमार की काव्यकृति-अश्मा का लोकार्पण किया गया। इस किताब पर व्यापक विमर्श के माध्यम से पौराणिक पात्रों की मौजूदा प्रासंगिकता पर भी विस्तार से चर्चा हुई। वरिष्ठ साहित्यकार आलोचक नन्द भारद्वाज ने कहा कि भारतीय आख्यान परम्परा बहुत महत्वपूर्ण रही है। यह समृद्ध विरासत एवं सांस्कृतिक समृद्धि की द्योतक है। आस्था में तर्क की गुंजाइश नहीं क्योंकि यह विश्वास से जुड़ी होती है। अहिल्या या ऐसे ही अन्य पौराणिक पात्रों के साथ यही स्थिति है। डॉ संजीव कुमार ने कहा कि जहां तक आस्था का प्रश्न है उसके साथ छेडछाड़ तो नहीं की जा सकती लेकिन समय के साथ परिवर्तन को भी स्वीकारा जाना चाहिए। उन्होंने अहिल्या के चरित्र के बहाने तत्कालीन जीवन मूल्यों के प्रकटीकरण की बात कही। उन्होंने पुस्तक के कुछ अंश भी पढ़कर सुनाए जिन्हें श्रोताओं ने मनोयोग से सुना। संपादक समीक्षक गजेंद्र रिझवानी ने कृति की सारगर्भित समीक्षा प्रस्तुत की। जाने माने व्यंग्यकार और कवि फारूक आफरीदी ने डॉ संजीव कुमार के समग्र लेखन पर प्रकाश डाला। लेखक, चित्रकार और पत्रकार विनोद भारद्वाज ने कहा कि मिथक और वास्तविक चरित्रों की तार्किकता कभी प्रामाणिक नहीं हो सकती। साहित्य समर्था पत्रिका की संपादक नीलिमा टिक्कू का कहना था कि एक व्यस्त संपादक और प्रकाशक का निरंतर और श्रेष्ठ लिखना चकित करता है। आरंभ में राही सहयोग संस्थान के संयोजक प्रबोध कुमार गोविल ने कहा कि बीता समय चर्चा के दायरों से कभी ओझल नहीं होता और इस पर अनौपचारिक बातचीत की संभावना हमेशा बनी रहती है। उन्होंने अतिथि वक्ताओं को वैचारिक साहित्य भी भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन रेनू शब्दमुखर ने किया। अश्मा स्त्री की बजाय पुरूष विमर्श का विषय है।

राधाकृष्ण पुस्तकालय की अध्यक्ष डॉ रेखा यादव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के विमर्श सामान्य श्रोताओं के लिए साहित्यिक समझ के रास्ते खोलते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के प्रतिष्ठित लेखक एवं साहित्यकार उपस्थित थे। इंडिया नेटबुक्स की डॉ मनोरमा और कामिनी मिश्रा ने भी विचार व्यक्त किए।

## उत्तम समय नहीं होता, समय को उत्तम बनाना पड़ता है

**पृथ्वी पर कोई भी व्यक्ति**
**ऐसा नहीं है**
**जिसको समस्या न हो।**
**पृथ्वी पर कोई समस्या**
**ऐसी नहीं है**
**जिसका कोई समाधान न हो।**
**समस्या के बारे में सोचने से**
**बहाने मिलते हैं।**
**समाधान के बारे में सोचने**
**पर रास्ते मिलते हैं।**
**जिंदगी को आसान नहीं,**
**बस खुद को**
**मजबूत बनना पड़ता है।**
**उत्तम समय कभी नहीं आता,**
**समय को उत्तम बनाना पड़ता है।**

अंशुल किरार

# समर्पण संस्था का 13वां विशाल रक्तदान शिविर और अच्छा स्वास्थ्य व भालाई विषयक संगोष्ठी 5 मार्च को

**कार्यक्रम के पोस्टर का हुआ विमोचन**
**49 रक्त दाता प्रेरक नियुक्त**
**रक्तदाताओं को मिलेगा हेलमेट व प्रशंसा पत्र**




परिष्कार पत्रिका जयपुर। मानवता व परोपकार के लिए समर्पित समर्पण संस्था की ओर से रविवार, 5 मार्च को प्रातः 9.30 से 2.00 बजे तक 13 वाँ विशाल रक्त दान शिविर व अच्छा स्वास्थ्य व भलाई, विषयक संगोष्ठी प्रताप नगर सांगानेर सेक्टर-11 स्थित सामुदायिक केन्द्र में आयोजित किया जाएगा। संस्था पदाधिकारियों द्वारा एक मीटिंग में कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया। मीटिंग का आयोजन सेवानिवृत्त आईआरएएस व संरक्षक सी एल वर्मा की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें रक्त दाता प्रेरक व सदस्यों ने प्रमुखता से भाग लिया। मीटिंग में संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ दौलत राम माल्या ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह रक्त दान शिविर संस्था के मुख्य संरक्षक कमल नयन खण्डेलवाल के पिता स्वर्गीय पन्नालाल खण्डेलवाल की पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धांजलि के लिए समर्पित होगा। रक्तदान शिविर के लिए कुल 49 रक्तदाता प्रेरक नियुक्त किये गये हैं। सभी प्रेरको को रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित करने की सेवा दी गई है। शिविर में सभी रक्तदाताओं को हेलमेट व प्रशंसा पत्र भेंट किये जायेंगे। इस अवसर पर डॉ माल्या ने अच्छा स्वास्थ्य व भलाई व रक्तदान का महत्व विषय पर एक पीपीटी प्रजेन्टेशन भी प्रस्तुत किया। संस्था द्वारा शिविर में रक्त एकत्रित करने के लिए सवाई मानसिंह चिकित्सालय ब्लड बैंक, राजकीय जयपुरिया हॉस्पिटल ब्लड बैंक तथा स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक की टीमों को आमन्त्रित किया गया है। शिविर के समानान्तर एक संगोष्ठी का आयोजन भी जायेगा जिसका विषय अच्छा स्वास्थ्य व भलाई रखा गया है। विषय पर वक्ता व अतिथि अपने विचार व्यक्त करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति बनवारी लाल शर्मा होंगे। अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी व मानव मिलन संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष प्रमोद कुमार चौरडिया करेंगे। इसके लिए अलावा समाज के अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तियों को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमन्त्रित किया गया है। शिविर में नेत्रदान व देहदान का भी काउन्टर लगाया जायेगा। यदि कोई नेत्रदान/ देहदान करना चाहते है तो संस्था कार्यालय से फॉर्म लेकर उसे पूर्ण करके शिविर के दिन जमा करवा सकते है। इसके साथ ही वेलनेस के और भी काउन्टर होंगे जहां स्वास्थ्य की जानकारी दी जायेगी। रक्त दाताओं के पूर्व रजिस्ट्रेशन के लिए गूगल फॉर्म लिंक तैयार किया गया है। रक्तदाता स्वेच्छा से लिंक पर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते है। 10 से अधिक रक्तदाताओं को मोटिवेट करके रक्तदान करवाने वाले रक्तदाता प्रेरको सदस्यो /सामाजिक कार्यकर्ताओं को संस्था के आगामी कार्यक्रम में सम्मान पत्र भेंट कर रक्तदाता प्रेरक के रूप में सम्मानित किया जायेगा।

# राजस्थानी पुस्तक रूड़ो राजस्थान गौरव ज्ञान हजारा का विमोचन समारोह का आयोजन

**200 साल पहले के साहित्यकारों की रचनाएं देखें तो राजस्थानी को मान्यता देनी होगी : लखावत**

परिष्कार पत्रिका लाडनूं। राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष ओंकारसिंह लखावत ने राजस्थानी भाषा की मान्यता को लेकर कहा है कि अपने सांसद होने के दौरान उन्होंने सरकार के समक्ष पूरा प्रयास किया था, लेकिन कुछ लोग गलत तरीके से अन्य भाषाओं को महत्व देने के लिए राजस्थानी को पीछे धकेलने का प्रयास करते हैं। हम किसी भी अन्य भाषा की मान्यता में बाधक नहीं हैं, लेकिन राजस्थानी भाषा के महत्व को समझा जाना जरूरी है। 200 साल पहले के साहित्यकारों की रचनाएं देखें तो बरबस ही राजस्थानी को मान्यता देनी होगी। वे यहां जैन विश्वभारती संस्थान स्थित सेमिनार हॉल में आयोजित राजस्थानी पुस्तक रूड़ो राजस्थान गौरव ज्ञान हजारा के विमोचन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मातृभाषा पढाने का अभियान चला है, उसमें किसी भी तरह से पीछे नहीं रहें। उन्होंने अपने गोरवशाली इतिहास को विस्मत नही होने देने का आह्वान करते हुए कहा कि लोग इस देश की अस्मिता, इतिहास, संस्कृति की जड़ो पर काम कर रहे हैं। विमोचित पुस्तक के सम्बंध में उन्होंने विस्तृत व्याख्या प्रस्तुत करते हुए इसमें वर्णित इतिहास की झलक के बारे में जानकारी दी और इसे राजस्थान का एनसाइक्लोपीडिया बताया और कहा कि इसमें सूक्ष्म अड़ैर महत्वपूर्ण ज्ञान समाहित है, जिसे पढ कर प्रशासनिक सेवा में चयन होना संभव है।

**कवि की कोई पोशाक नहीं होती :**

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्राचीन राजस्थानी सर्वदल संग्रह संस्थान के मानद अध्यक्ष गिरधरदान रतनू दासोडी ने कहा कि कविता में दर्द, दवा और चैन सभी होते हैं। कविता की रचना के बारे में कहा कि जब चित्त सुचित्त हो, घर में वित हो, तभी बनती है कविता। दोहों को उन्होंने समस्त कविताओं का राजा और छंद को रानी बताया और गीत, कवित्त आदि को पहरेदार ठहराया। रतनू ने बताया कि प्रस्तुत पुस्तक में सुगन-सरोधा, स्वातंर्त्य संग्राम के पुरोधाओं, जिलों, रियासतों सहित पूरे राजस्थान का सम्पूर्ण समावेश किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि पुस्तक के रचयिता गोकुलदान खिड़िया ने पहले मात्र सात दोहे बनाए थे, जिन्हें बढा कर शतक बना दिया। इस पर भी रूके नहीं और सत्तसई बनाई और आगे बढ कर हजारा तक बना डाला। उन्होंने कवि का चित्रण करते हुए कहा कि कवि की कोई पोशाक नहीं होती है। कपड़ों से ज्यादा कवि के शब्दों का महत्व होता है।



**राजस्थानी में शोध जरूरी :** विशिष्ट अतिथि राजस्थानी भाषा मान्यता संघर्ष समिति के संस्थापक लक्ष्मणदान कविया खेंण ने कहा कि राजस्थानी सम्बंधी समस्त शोध कार्य हिन्दी और विदेशी विद्वानों ने किया है। राजस्थान के किसी व्यक्ति ने नहीं किया। इसी कारण राजस्थानी को छठी-सातवीं सदी की भाषा और हिन्दी का ही रूप माना जाता है। जबकि राजस्थानी साहित्य का हजारों साल पुराना इतिहास है। यहां तक कि ऋग्वेद में भी राजस्थानी शब्द पाए जाते हैं। उन्होंने राजस्थानी को मान्यता दिलाने के लिए किए जा रहे संघर्ष के बारे में भी बताया। कार्यक्रम के अध्यक्ष जैविभा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बच्छराज दूगड़ ने बताया कि माना जाता है कि राजस्थानी भाषा का प्रारम्भ एक जैन ग्रंथ से हुआ। राजस्थानी को आचार्य कालूगणि व आचार्य तुलसी ने ऊंचाइयों तक पहुंचाया। जैन विश्वभारती संस्थान भी राजस्थानी भाषा के विकास के सम्बंध में कार्य कर रहा है। पुस्तक लेखक गोकुलदान खिड़िया ने पुस्तक की रचना के सम्बंध में पूरी जानकारी दी और अपने प्रयासों के बारे में बताते हुए कहा कि सात दोहों से शुरू इस प्रस्तक में आज 21 हजार 111 दोहे सम्मिलित हैं। कार्य म में दयाराम महरियाए जगन्नाथ कविया आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में समाजसेवी भागचंद बरड़िया भी विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में राजेश विद्रोही ने स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया। अंत में डा शक्ति दान चारण ने आभार ज्ञापित किया। संचालन गजादान चारण शक्ति सुत ने किया। कार्यक्रम में जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता जेके चारण, जगदीश सिंह गाढण, सुरेश सोनी, महेन्द्र खिडिया, पवन पहाड़िया, घनश्यामनाथ कच्छावा, कैलाशदान कविया, डा हेमन्तकृष्ण मिश्रा, सोहनदान भूतास, भाजपा के जिलाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह ओडींट आदि प्रमुख लोग एवं कविगण मौजूद रहे।

# हर व्यक्ति को समान अवसर व संसाधन उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता : राजस्व मंत्री



परिष्कार पत्रिका जयपुर। जल जीवन मिशन में प्रतिदिन होने वाले जल कनेक्शनों की संख्या 20 फरवरी को बढ़कर 10 हजार 175 पर पहुंच गई। इससे पहले 19 फरवरी को एक दिन में 9501 जल कनेक्शन हुए थे। पिछले एक सप्ताह में औसत कनेक्शनों की संख्या 8 हजार से अधिक रही है। अतिरिक्त मुख्य सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी डॉ सुबोध अग्रवाल द्वारा ली गई विभाग की समीक्षा बैठक में ये आंकड़े सामने आए। डॉ अग्रवाल ने फील्ड अभियंताओं को जेजेएम में और गति बढ़ाते हुए तय लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जेजेएम में फरवरी माह में अभी तक कुल 1 लाख 45 हजार 593 कनेक्शन हुए हैं। इस वित्तीय वर्ष में अभी तक 6 हजार 618 करोड़ रूपए खर्च हो चुके हैं। फरवरी में लक्ष्य के मुकाबले उपलब्धि देखें तो झालावाड़ जिले ने सर्वाधिक 68 प्रतिशत जल कनेक्शन किए हैं, भीलवाड़ा 64 प्रतिशत के साथ दूसरे, चित्तौड़गड़ 62 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। समीक्षा बैठक में वृहद एवं लघु पेयजल परियोजनाओं की लक्ष्य के मुकाबले प्रगति की जानकारी वृहद परियोजना एवं ओटीएमपी से जुड़े अभियंताओं से ली गई। वृहद परियोजना विंग की ओर से 10 श्रेष्ठ प्रगति वाली परियोजनाओं का विवरण प्रस्तुत किया गया। इनमें 142.21 करोड़ रूपए की बीसलपुर-दूदू पेयजल परियोजनाए बूंदी जिले की 694.4 करोड़ रूपए की हिण्डोली-नैनवा जलापूर्ति परियोजना चम्बल भीलवाडा फेज-1, पाली जिले के सोजत में 10 ग्राम पंचायतों के 34 गांवों को जलापूर्ति की 106.92 करोड़ की पेयजल परियोजना, राजसमंद जिले की 120.02 करोड़ रूपए की बाघेरी का नाका एवं चिकलवास पुनर्गठन पेयजल परियोजनाए डूंगरपुर ब्लॉक में आसपुर-दोवड़ा के 151 गांवों की 97.35 करोड़ रूपए की पेयजल परियोजना, 108.58 करोड़ रूपए की भीलवाड़ा की क्लस्टर जलापूर्ति योजना रेट्रोफिटिंग पैकेज.5 ;चम्बल.भीलवा?ाए फेज.2द्धए 53.82 करोड़ रूपए के बूंदी क्लस्टर रेट्रोफिटिंग कार्य चम्बल-भीलवाड़ा, झालावाड़ जिले की 14.51 करोड़ रूपए की भीमनी जलापूर्ति रेट्रोफिटिंग परियोजना, 24.45 करोड़ रूपए की झालावाड़ जिले की रायपुर-पिरावा-चांवली परियोजना एवं 11.27 करोड़ रूपए की झालावाड़ जिले की माधवी जलापूर्ति परियोजना शामिल है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कॉन्ट्रेक्टर फर्मों को 31 मार्च तक लक्षित प्रगति हासिल करने के निर्देश देते हुए कम प्रगति वाली फर्मों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने प्रोजेक्ट्स में तय लक्ष्य समय पर हासिल करने वाली फर्मों की हौसला अफजाई करते हुए सही कार्य करने वाली कॉन्ट्रेक्टर फर्मों को समय पर भुगतान सुनिश्चत करने के निर्देश फील्ड अभियंताओं को दिए। डॉ अग्रवाल ने वर्ष 2023-24 के बजट में मुख्यमंत्री द्वारा की गई पेयजल परियोजनाओं से संबंधित घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए कार्य योजना तैयार करने और इन घोषणाओं के संबंध में प्रस्ताव शीघ्र भिजवाने के निर्देश दिए।

# वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह झंकार 2023 का आयोजन

## ज्ञानदीप सीनियर सैकंडरी स्कूल देवी नगर में आयोजित हुआ कार्यक्रम






परिष्कार पत्रिका जयपुर। गोविन्द नगर देवी नगर स्थित ज्ञानदीप सीनियर सैकंडरी विद्यालय में वार्षिकोत्सव और विदाई समारोह झंकार 2023 का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मंख्य अतिथि अनिल शर्मा प्रदेशाध्यक्ष स्कूल शिक्षा परिवार राजस्थान व आरटीई सलाहकार परिषद सदस्य राजस्थान सरकार थे। विशिष्ट अतिथि नवल बगडिया समाजसेवी जयपुर, हनीफ शेख प्रोपराईटर आर्यन कॉलोनायजर दूदू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नाथूलाल गुर्जर संस्थापक ज्ञानदीप स्कूल जयपुर थे।




सभी अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। विद्यालय के निदेशक गोपाल लाल गुर्जर ने विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और अध्यापकों के साथ बड़ी संख्या में अभिभावक भी मौजूद थे। विद्यालय के निदेशक गोपाल लाल गुर्जर, प्रधानाचार्या ममता नेकाड़ी, उप प्रधानाचार्य मन्ना लाल प्रजापत, सचिव शाहरूख खान सहित कार्यक्रम संयोजक मीनाक्षी जांगीड़, कीर्ती माथुर, मंजु शर्मा, पूजा शेखावत, रोहित नेकाड़, मदन मेहरा, दिलराज कंवर ने कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस अवसर पर अतिथियों ने सभी प्रतिभाओं को माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# जैन विश्व भारती संस्थान में नाटक, आशु भाषण एवं पोस्टर-पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन




परिष्कार पत्रिका लाडनूं। जैन विश्वभारती संस्थान में आयोजित की जा रही पांच दिवसीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में दूसरे दिवस नाटकए आशु भाषण एवं पोस्टर-पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक सचिव डा अमिता जैन ने कहा कि विद्यार्थी को अपने अंदर छिपी हुई प्रतिभा को उभारने का अवसर प्रतियोगिता से मिलता है। इनसे विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास भी संभव होता है। नाटक प्रतियोगिता में 50, आशु भाषण प्रतियोगिता में 30, पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता में 21 प्रतिभागियों ने भाग लिया। नाटक प्रतियोगिता के निर्णायक प्रो रेखा तिवारी, डॉ सव्व्सांची सारंगी, आशु भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ गिरिराज भोजक, डॉ बलवीर सिंह, प्रेयश सोनी और पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ मनीष भटनागर, डॉ मनीषा जैन, खुशाल जांगिड रहे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में निर्णायकों को पुष्पगुच्छ भेंट करके सम्मान किया गया।

अंत में डॉ लिपि जैन ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन मोनिका जोशी ने किया। कार्यक्रम में संस्थान के समस्त संकाय सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कमेटी का गठन ! अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम



परिष्कार पत्रिका अजमेर। हिंद सेवा दल की बैठक का आयोजन दल के अध्यक्ष आर के महावर की अध्यक्षता में गांधी भवन परिसर में गुरुवार को आयोजित की गई। प्रवक्ता राजेंद्र गांधी ने बताया कि 12 मार्च को सूचना केंद्र में होने वाले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के आयोजन के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं का महारानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मान करने हेतु प्राप्त प्रवष्टियों में से चयन करने हेतु कमेटी का गठन किया गया। जिसमे वनिता जेमन, नेहा भाटी, आभा भारद्वाज, नीलम मंकू, ऋषिका महर्षि, रेखा जैन, अरुणा कछावा, भारती श्रीवास्तव, मीना सक्सेना को शामिल किया गया हैं। कमेटी सम्मानित होने वाली महिलाओं का उनके कार्य के हिसाब से चयन करेगी। शीघ्र ही अन्य कमेटियों का गठन कर कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई जाएगी। इस अवसर पर निक्की जैन, आभा गांधी, पियूष सुराणा, धर्मपाल, दिनेश खटनावलिया, महेंद्र जोशी, प्रदीप कछावा, दीपक ठाकुर, ऋषिदत्त शर्मा, मीनू मंडरावलिया, सुल्ताना बेगम, नंदा शर्मा, हेमेंद्र सिंगोदिया, हिमनंदनी चौहान, प्रकाश खन्ना, राजेंद्र गांधी सहित अन्य उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना

# 69 लाख से अधिक बच्चों को मिल रहा है पौष्टिक दूध, दूध पीकर हष्ट-पुष्ट हो रहे नौनिहाल

परिष्कार पत्रिका जयपुर। बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और समुचित विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना शुरू की गई है। योजना के तहत सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा 1 से 8 के बच्चों को सप्ताह में 2 दिन पोष्टिक दूध दिया जा रहा है। राज्य सरकार की इस पहल से बच्चों में कुपोषण की समस्या का समाधान होगा तथा उनका समुचित शारीरिक एवं मानसिक विकास सुनिश्चित किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा मिड डे मील योजना में पौष्टिकता सुधार की दृष्टि से नवम्बर-2022 में मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना का शुभारंभ किया गया। योजना के माध्यम से राजकीय विद्यालयों, संस्कृत विद्यालयों एवं मदरसों में विद्यार्थियों को सप्ताह में दो दिन दूध उपलब्ध करवाया जा रहा है। इससे प्रदेश के नौनिहालों हष्ट-पुष्ट होंगे एवं भावी कर्णधारों का मानसिक विकास भी हो सकेगा। 69 लाख 22 हजार विद्यार्थियों को मिल रहा निः शुल्क दूध योजना के अंतर्गत राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा एक से आठवीं तक के करीब 69 लाख 22 हजार बच्चों को मिल्क पाउडर से तैयार दूध सप्ताह में दो दिन बुधवार एवं शुक्रवार को उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिसमें कक्षा एक से 5 तक के विद्यार्थियों को 15 ग्राम पाउडर मिल्क से 150 मिली तैयार दूध एवं कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को 20 ग्राम पाउडर मिल्क से 200 मिली तैयार दूध चीनी मिला कर पीने के लिए उपलब्ध करवाया जा रहा है।

# विषाणुओं के संकट से बचने हेतु शिवारात्रि पर एकत्रित आंक धतूरा नीम विल्ब पत्तों को होली में दहन करें : यश



परिष्कार पत्रिका जयपुर। शिवरात्रि पर्व ऋतु अनुसार औषधीय चिकित्सकीय कल्याणकारी संदेश देता है कि ऋतु परिवर्तन में वायरल प्रकोपों को दूर करने हेतु एकत्रित आंक धतूरा नीम विल्ब पत्तों से होली दहन बने हबन हो विषाणुओं का दमन करें। उक्त कथन ओउमाश्रय सेवाधाम में महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में यज्ञ के वृहमा वैदिक चिंतक और ओउमाश्रय संचालक यशपाल यश ने व्यक्त किए। यश ने कहा कि जैसे स्वामी दयानंद सरस्वती ने शिवलिंग पर चढ़े चूहे को प्रसाद खाते देख ईश्वर के सच्चे स्वरूप का ज्ञान प्राप्त कर दुनिया को शिव की तरह कल्याण मार्ग दिखाया वैसे ही आज आमजन को अंधविश्वासों से राह दिखाने हेतु संकल्पित होना होगा।

यश ने निराश्रित जनों की सेवा को सच्चे शिवों की पूजा बताते हुए इसे परम सुख शांति और आनंद कार्य कहा। यज्ञ के मुख्य यजमान संजय गुप्ता सी ए एवं डॉ सीमा गोयल रहीं। गौरब गोयल, शुभि, पूर्व आई एफ एस, के पी गुप्ता, राजेन्द्र गर्ग, मुन्नी देवी, सुधा गर्ग, प्रमेन्द्र मोहन वर्मा आदि ने भाग लिया। राजेश, दिलीप सक्सेना, किशन आदि प्रभुजनों ने भजनों द्वारा सभी को अभिभूत किया।

# कैथलीनों आई फांउडेशन ने किए जरूरतमंदों को राशन किट वितरित



परिष्कार पत्रिका जयपुर। कैथेलिनो आई फाउंडेशन द्वारा लगातार पिछले दो वर्षो से कोरोना वेलफेयर में गरीब परिवारों को राशन सामग्री वितरित की गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जॉन रॉबिनसन, हेमलता किरार सहित गणमान्य अतिथियों ने जरूरतमंद परिवारों को सूखी राशन सामग्री वितरित की। इस सूखी राशन सामग्री वितरण समारोह में कैथेलिनो ऑई फाउंडेशन के डायरेक्टर माईकल




कैथेलिनों एवं रविसिंह किरार सहित अन्य गणमान्य नागरिक जन उपस्थित थे।

# विजय लक्ष्मी स्कूल में सत्संग प्रवचन एवं भजन संकीर्तन का आयोजन





परिष्कार पत्रिका जयपुर। विजय लक्ष्मी सीनियर सैकंडरी स्कूल भांकरोटा जयपुर में तीन दिवसीय सत्संग प्रवचन एवं भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया।

विद्यालय के निदेशक राजेश वर्मा ने बताया कि दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से सत्संग प्रवचन एवं भजन संकीर्तन का तीन दिवसीय कार्यक्रम में सभी भक्तों ने भरपूर आनंद लिया। विद्यालय परिवार की ओर से समय समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते है जिनका स्थानीय निवासियों को भरपूर लाभ मिलता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरूषों ने भाग लिया।

# धानका समाज का आठवां सामूहिक विवाह सम्मेलन 12 मार्च को

परिष्कार पत्रिका जयपुर। प्रांतीय धानका जनजाति विकास परिषद के तत्वावधान में आठवां सामूहिक विवाह सम्मेलन 12 मार्च 2023 को आयोजित किया जाएगा। विवाह सम्मेलन में भाग लेने वाले जोड़ों में युवक युवतियों से 2100 रूपए रजिस्ट्रेशन शुल्क और 9000 रूपए विवाह शुल्क के रूप में लिया जाएगा। विवाह सम्मेलन में विवाह पूर्ण रूप से सामाजिक रीति-रिवाजों से कराया जाएगा। बारात के लिए घोड़ी बैंड की व्यवस्था परिषद के द्वारा की जाएगी। संस्था की ओर से जोड़ों को दाम्पत्य जीवन की शुरूआत के लिए आवश्यक सामान उपलब्ध कराएं जायेंगे। विवाह के लिए वर की उम्र 21 वर्ष और वधु की उम्र 18 वर्ष होनी अनिवार्य है इसके लिए उन्हें आवश्यक दस्तावेज जमा कराना होगा।

# विभिन्न प्रतियोगिताओं के हिंदी पुस्तक का प्रकाशन किया




परिष्कार पत्रिका जयपुर। प्रताप नगर निवासी माध्यमिक शिक्षा व्याख्याता माया पचेरवाल ने बताया कि असिस्टेंट प्रोफेसर, कॉलेज व्याख्याता, राजस्थान स्कूल व्याख्याता, वरिष्ठ अध्यापक, तृतीय श्रेणी अध्यापक, राजस्थान पुलिस, ग्रामसेवक, सीनियर सेकंडरी स्तर व स्नातक स्तर आदि प्रतियोगी परीक्षाओं में निश्चित सफलता के लिए सरसा पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का अध्ययन करें। इसके माध्यम से निश्चित सफलता मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस पुस्तक के तीनों लेखक शिम्भूदयाल सैनी व्याख्याता माध्यमिक शिक्षा, माया पचेरवाल व्याख्याता माध्यमिक शिक्षा और कैलाश नागौरी वरीष्ठ अध्यापक ने अथक प्रयासों से विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में सफलता के लिए प्रकाशन किया है। उन्होंने बताया कि इस पुस्तक को मंगवाने के लिए या अधिक जानकारी के लिए या फिर प्रतियोगिताओं के बारे में विस्तार से जानकारी के लिए इन नम्बर पर 9950444722, 9785729786, 9660669988 सम्पर्क किया जा सकता है।




कुष्ठ निवारण पखवाड़े का समापन और ऋषि दयानंद जयंती

# कुष्ठ में अंधविश्वासों जादू टोने की जगह चिकित्सा अपनाने हेतु नाटक का मंचन



परिष्कार पत्रिका जयपुर। रामपुरा रोड स्थित सैनी नर्सिंग कॉलेज के संस्कार भवन में ऋषि दयानंद की दूसरी जन्म शताब्दी समारोह तथा कुष्ठ निवारण पखवाड़े का समापन हुआ।

खास बात यह रही कि छात्र छात्राओं ने कुष्ठ रोगियों को झाड़ फूंक जादू टोना टोटका आदि अन्धविश्वासों से बचकर चिकित्सा प्राप्त करने का संदेश देता हुआ नाटक मंचन किया। जिसमें ज्योति, सुखदेव वैनीवाल, सौरभ सिंह, लोकेश सैनी, आयुष बैरवा तथा प्रशांत ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वैदिक चिंतक ओमाश्रय सेवाधाम संचालक यशपाल यश रहे जिन्होंने ऋषि दयानंद के स्वतंत्रता आंदोलन सामाजिक कुरीतियां को मिटाने और भारतीय जन मानस में गडरियों के गीत वताए जा रहे वेदों की वैश्विक प्रतिष्ठा स्थापित करने में योगदान का जिक्र किया। प्राचार्य हितेश गौतम ने ऋषि दयानंद सहित महापुरुषों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की जानकारी युवा पीढ़ी को हासिल कराने की भावना व्यक्त की।

# शिवाजी व्यायामशाला ने मनाई शिवाजी जयंति




परिष्कार पत्रिका जयपुर। शिवाजी जयंति के अवसर पर घाटगेट में शिवाजी व्यायामशालना ने कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें विभिन्न व्यायामशाला के युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलवंत व्यायामशाला के संचालक सुमेर सिंह राठौड़ और वार्ड पार्षद सुनील दत्ता थे। विभिन्न व्यायामशाला के खिलाड़ियों ने बॉक्सिंग, वूशु, लाठी बाजी, मार्शल आर्ट, चक्र का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर शिवाजी व्यायामशाला के संचालक नानगराम मावर और सहसंचालक रमेश डाबी ने सभी अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों को मैडल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुभाष व्यायामशाला के उपसंचालक सहित सभी पदाधिकारियों ने घाटगेट में शिवाजी व्यायामशाला के संचालक नानगराम मावर का चूनड़ी का साफा, माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी का आभार प्रकट किया।

# आदिश्री महिला एवं बाल विकास संस्था ने किया नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित




परिष्कार पत्रिका जयपुर। अदिश्री महिला एवं बाल विकास संस्था द्वारा नारीशक्ति सम्मान समारोह एवं नखराली बींदणी सीजन-2 कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि ममता शर्मा जीए बसंत जैन, व दिल्ली से सेलेब्रिटी गेस्ट डॉ मोनिका सेठ रही और डॉ मोनिका सेठ ने संस्था की फाउंडर सौम्या उपाध्याय जी को भी एमएस इवेंट की और से क्राउन व शशे पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में लगभग 100 ऐसी महिलाओं का सम्मान किया गया जो अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। इस अवसर पर अदिश्री महिला एवं बाल विकास संस्था की फाउंडर सौम्या उपाध्याय ने कहा की इस देश के विकास में महिलाओं ने अपनी एक अलग भूमिका निभाई है, देश में लक्ष्मीबाई जैसी कई महिलाओं का योगदान है। हम वर्तमान में ऐसी महिलाओं को सम्मानित कर रहे हैं जो अपने अपने क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई है। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि में डॉ सुनिल दंड, सी ए सचिन कुमार जैन, स्नेहलता भारद्वाज थे। इस अवसर पर कीर्ति शर्मा, मोहित गौतम, सत्यनारायण अवस्थी, रजनी माथुर, राहुल, मीना श्रीवास्तव, अमृता, आकाश गोतम, वरुण शर्मा, हिमांशु शर्मा, मेहुल शर्मा, रितिका शर्मा, अरुणा उपाध्याय, पिंकी शर्मा, मधु शर्मा, विनीता शर्मा, नंदिनी सोनी, अनीता कक्कर आदि सदस्य मौजूद रहे।


# परिष्कार पत्रिका परिवार के पाठकों को हार्दिक शुभकामनाएं



सभी सम्मानीय पाठकों को
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ मूलचंद आर्य एवं शारदा देवी
सेवा निवृत्त प्राचार्य, प्लाट नं 31, जेपी नगर, नाका मदार, अजमेर राजस्थान



दौलत सिंह सोलंकी एवं नीशा देवी
प्लाट नं9 384/99, विजय नगर, लंकापुरी शास्त्री नगर जयपुर मो 7877426883



चन्द्र प्रकाश सौलंकी-मीना सोलंकी
125, श्याम नगर विस्तार, पंवार टेंट हाउस के पास, बैनाड़ रोड़, जयपुर 12



सरोज वर्मा एवं रामप्रसाद वर्मा
सेवानिवृत्त वरीष्ठ बैंक प्रबंधक
सी/2/46, चित्रकूट गांधीपथ जयपुर

सभी पाठकों को
हार्दिक शुभकामनाएं
उमाशंकर खनगवाल
समाज सेवी



जगदम्बा कॉलोनी, नया खेड़ा, विधाधर नगर, जयपुर 3020039 राजस्थान



सुरेश चंद डाबला एवं आशा देवी डाबला
142 गोविंदपुरी, राकड़ी, सोडाला जयपुर

सभी पाठकों को
हार्दिक शुभकामनाएं
एमएल जिंदल
समाज सेवी



23 एवं 54 लक्ष्मी नगर, हटवाड़ा रोड़, ईएसआई के सामने जयपुर 6 मो 9001792809

सभी पाठकों को
हार्दिक शुभकामनाएं
बाबूलाल किरार
समाज सेवी



324, देवी नगर, न्यू सांगानेर रोड़, जयपुर राजस्थान 302019 मो 9461500244

**Devenia Diagnostic Center**
5, Sundar Nagar, Iskon Temple Road, Mansarove, Jaipur
अब पैथोलोजी एवं हृदय संबंधी तकलीफों के निवारण के लिए आपके एरिया में उपलब्ध है।
वरीष्ठ चिकित्सक डॉ सोनिया गर्ग एवं डॉ देवेन्द्र गर्ग
होम विजिट फेसेलिटी उपलब्ध
प्लाट नं. 5, सुन्दर नगर, इस्कॉन टेंम्पल रोड़, मानसरोवर जयपुर मो :9891257967

Reg. No. : 248/81
Imran Ali (Administrator) 8852009000, 9351780937
**Sanjay Memorial Sr. Sec. School**
17, Janta Nagar, Sodala, Jaipur-302006
Play Group to XIIth [Hindi/ English Medium]
Admission Open
विशेषताएं : विज्ञान, वाणिज्य एवं कला में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश, विज्ञान कम्प्यूटर एवं गृह विज्ञान की विशेष प्रयोगशाला, बोर्ड कक्षाओं में अनुभवी शिक्षकों द्वारा विशेष तैयारी, कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष तैयारी, सभी नए प्रवेश लेने वाली विद्यार्थियों के लिए फ्री यूनीफॉर्म, स्पोर्टस विद्यार्थियों एवं दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए फीस में विशेष छूट, पिछले 40 वर्षो से सभी बोर्ड कक्षाओं का 100 प्रतिशत परिणाम

# परिष्कार पत्रिका परिवार के सभी पाठकों को सहयोग के लिए हार्दिक शुभकामनाएं

आप सभी के परिवार में हर्षोल्लास और आनंद रहे ऐसी शुभ और मंगल कामनाओं के साथ।

सम्मानीय सदस्य गुरुप्रसाद खनगवाल जीएन टेलर्स नाहरी का नाका शास्त्री नगर जयपुर, तेजाराम धानका बनीपार्क, उमाशंकर खनगवाल-जगदम्बा कॉलोनी विद्याधर नगर, महेन्द्र सोलंकी-भुमिया बसती शास्त्री नगर, चन्द्र प्रकाश सोलंकी-श्यामनगर विस्तार बैनाड़ रोड़ जयपुर, रामप्रसाद टांक-नेहरू नगर बनीपार्क, दीपक कुमार खनगवाल-नेहरूनगर पानीपेच जयपुर, मोहन लाल खनगवाल-संतोष नगर जयपुर, बाबूलाल किरार-देवी नगर न्यू सांगानेर रोड़ जयपुर, एम एल जिंदल-लक्ष्मी नगर जयपुर एवं

परिष्कार पत्रिका परिवार


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक और संपादक रवि सिंह किरार द्वारा एम बी प्रिन्टर्स डिग्गी हाऊस, एफ 76 करतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर से प्रकाशित। फोन नं. 141-2450128/ 9314407796 parishkarpatrika@gmail.com
www.parishkarpatrika.page प्रधान संपादक हेमलता किरार तथा सलाहकार श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार, प्रचार एवं प्रसार प्रबंधक डी कुमार चित्र, शायर सिंह किरार